# कालाजार एवं मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

कालाजार एवं मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के लिए राज्य स्तर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/ अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/ उपकेन्द्र स्तर तक मोनेटरिंग एवं सुपरविजन पर विशेष बल देने के साथ ही डी0डी0टी0 स्प्रे वर्क की गुणवत्ता एवं सम्पूर्णता पर विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करना है ।

राष्ट्रीय कालाजार एवं मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए Spraying (छिड़काव) कार्य के लिए निम्नलिखित तरह से सुधार की आवश्यकता है :–

(1) वांछित (Required) मात्रा में डी0डी0टी0 की उलब्धता को सुनिश्चित कर लेना है।

(2) डी0डी0टी0 का छिड़काव साल में दो बाद फरवरी–मार्च और मई–जून में कराना है, इसके लिए कार्य योजना बना लेनी है।

(3) डी0डी0टी0 के छिड़काव के लिए Spray tools पंप, नोजल डी0डी0टी0 घोल के पात्र की उपलब्धता आदि की जानकारी कर वांछित संख्या में इनकी व्यवस्था कर लेनी है।

(4) डी0डी0टी0 के छिड़काव कर्मियों को ग्रामवार चिन्हित कर उन्हें छिड़काव वाले गाँव में/आस–पास के गाँव में रहने को सुनिश्चित करना है। ऐसा नहीं हो कि जिला मुख्यालय या दूर दराज में रहकर छिड़काव कर्मी डी0डी0टी0 छिड़काव वाले गाँव में आवें–जायें। ऐसा करने से समय की बर्वादी होगी एवं प्रभावी तरीके से छिड़काव नहीं हो पायेगा।

(5) छिड़काव के लिए डी0डी0टी0 का वांछित मात्रा में धोल बनाया जाय, धोल गुणवक्तापूर्ण हो और 6 की उँचाई तक छिड़काव सुनिश्चित हो। (कालाजार के लिए)

(6) डी0डी0टी0 छिड़काव कार्यक्रम को आशा/ग्राम स्वच्छता समिति/समुदाय/पंचायत के जनप्रतिनिधियों से जोड़ना है। आशा को Flip chart देना है, छिड़काव कार्यक्रम की पूर्व जानकारी मिडिया को देनी है।

(7) ग्राम वासियों को छिड़काव की आवश्यकता बताते हुए छिड़काव कराने हेतु जागृत करना है। सुनिश्चित करना है कि छिड़काव से कोई धर या कमरा नहीं छूटे।

(8) प्रर्याप्त संख्या में Printed form में Schedule ग्रामवासियों, छिड़काव कर्मियों, आशा, मिडिया, ग्राम स्वच्छता समिति के सदस्यों आदि को उपलब्ध कराना है।

(9) 19–11 हेल्प लाइन को प्रभावी बनाना है। पर्यवेक्षक, छिड़काव कर्मियों, आशा, ग्राम स्वास्थ्य समिति के सदस्यों, पंचायत प्रतिनिधियों का मोबाईल नं0/दूरभाष सं0 पता कर रखना है। फिल्ड पर पकड़ होनी चाहियें।

(10) जिला मलेरिया पदाधिकारी कालाजार के जिला में नोडल पदाधिकारी है। अतः प्रभावित 07 जिलों में जिला मलेरिया पदाधिकारी पदस्थापित हैं कि नहीं, इसकी समीक्षा कर प्रतिवेदित करना है।

(11) रोहतास, लखीसराय, जमुई, गया, औरंगाबाद, मुगेंर (झारखंड से सटे जिले) विशेष रूप से मलेरिया प्रभावित जिले हैं। इन जिलों में Blood Slide Collection की कार्ययोजना बनाकर कार्यान्वयन सुनिश्चित करना है।

(12) Public Health Institute में Laboratory की स्थिति का पता कर लेना है Laboratory Function में है कि नहीं, पता कर इसे Functional बनाना है।

(13) रिमोट एरिया में Rapid Diagnostic की व्यवस्था सुनिश्चित करनी है।

(14) यह सुनिश्चित हो लेना है कि Urban Area में भारत सरकार डी0डी0टी0 छिड़काव के लिए डी0डी0टी0 की आपूर्ति की व्यवस्था तथा भारत सरकार शहरी क्षेत्रों में भी डी0डी0टी0 छिड़काव के लिए डी0डी0टी0 की आपूर्ति कराती है।

(15) RMI से समन्वय स्थापित कर डी0डी0टी0 के छिड़काव में उसका सहयोग लेना।